कार्यक्रम | तबला, सितार हार्मोनियम की संगत ने लूटी वाह-वाही

# सितार एवं तबला वादन से श्रोता हुए मंत्रमुग्ध



▸ वनमाली सप्रे स्मृति महोत्सव में बैंगलोर, कलकत्ता से आए कलाकार

**नवभारत, जबलपुर।** वनमाली सप्रे स्मृति महोत्सव के अंतर्गत शनिवार को सायं खचाखच भरे शहीद स्मारक सभागृह में शास्त्रीय संगीत सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. जगदीश चंद्र गौर, वरिष्ठ चिकित्सक एवं सुरेश अग्रवाल वरिष्ठ प्रचारक, रा. स्व.संघ रहे।

### 10 वर्षीय बालक ने किया तबला वादन

कार्यक्रम की प्रथम प्रस्तुति में बंगलोर से पधारे 10 वर्षीय बालक मास्टर प्रद्युम्न करपूर का तबला वादन रहा। तालयोगी पंडित सुरेश तलवलकर के युवा शिष्य प्रद्युम्न ने अपने तबला वादन का आरंभ ताल झपताल से किया। इसमें पेशकार, कायदा, मुखडे, तुकडे, रेला, परण, तिहाई, चक्करदार आदि प्रकारो को अत्यंत स्पष्टता एवं शुद्धता के साथ प्रस्तुत कर श्रोताओ को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके साथ हार्मोनियम पर पुणे से पधारे आकार श्रुती ने अत्यंत मधुर एवं सुलझी हुई संगत कर श्रोताओ की वाह- वाही लुटी।

### अयान ने दी सितार वादन की सुमधुर प्रस्तुति

कार्यक्रम के द्वितीय प्रस्तुती में आई.टी.सी. संगीत रिसर्च अकादमी कोलकाता से पधारे अयान सेनगुप्ता ने अपने सितार वादन की सुमधुर प्रस्तुती दी, कार्यक्रम का आरंभ राग शुध्द कल्याण से किया। परंपरागत आलाप, जोड, झाला प्रस्तुत करने के बाद आपने तीनताल ताल में दो बंदिशे प्रस्तुत की। राग की स्पष्टता, लयकारी एवं मधुरता आपके वादन की विशेषता रही. कार्यक्रम का समापन आपने राग हेमंत व धुन से किया। उनके साथ साथ तबले पर पुणे से पधारे अजिंक्य जोशी द्वारा अत्यंत प्रशंसनीय एवं सराहनीय संगत प्रस्तुत की गई।

**इनका रहा सहयोग**

कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक प्रकाश शिंदे द्वारा किया गया। विशेष सहयोग माधुरी कानिटकर, संजय सोनी, आदित्य सप्रे, आलोक सप्रे का रहा। कार्यक्रम के समापन में आयोजक प्राध्यापक अखिलेश सप्रे द्वारा सभी के प्रति कृतज्ञता एवं आभार व्यक्त किया गया।



# जो जैसा कर्म कर रहा, उसको वैसा ही फल प्राप्त हो रहा है

▸ आचार्य श्री विद्यासागर सभा भवन में आयोजित धर्म सभा

**नवभारत, जबलपुर।** आचार्य श्री विद्यासागर सभा भवन में आयोजित धर्म सभा में आचार्य श्री समय सागर जी महाराज ने उपस्थित श्रावक श्राविकाओं को उपदेश देते हुए कहा,कि जैन दर्शन के अनुसार सृष्टि का कर्ता कोई नहीं है। वह स्वयं परिणमन शील है। सब अपने-अपने कर्मों के कर्ता है। जो जैसा कर्म कर रहा है, उसको वैसा ही फल प्राप्त हो रहा है। हमें पर निमितों पर दृष्टि न रखते हुए स्वयं की ओर दृष्टि रखनी है। हम दूसरों को कहते हैं कि आप मुझे क्रोध मत दिलाओ में कहता हूं वह दिला रहा है लेकिन आप क्रोध कर क्यों रहे हैं।आप अपने क्षमा गुण क्यों छोड़ रहे हैं।आप शांतभाव रखिये। दिगंबर साधु होते हैं उसके ऊपर कोई कितना भी उपसर्ग करें वह क्रोधित नहीं होते शांत भाव से कष्ट सहन करते हैं। ऐसे अनेकों उदाहरण शास्त्रों में भी दिए हैं। हमें भी अपने परिणामों की ओर दृष्टि रखना है। जीव अपने कर्मों का कर्ता और भोक्ता है कोई अन्य हमारा कर्ता नहीं हो सकता। धर्म सभा के प्रारंभ में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के तैल चित्र के समक्ष सुभाष चंद्र छाबड़ा (जयपुर) जिनेंद्र जैन, संजय अरिहंत, वीरेश मोदी ने दी प्रज्वलित किया। आचार्य श्री के पाद प्रक्षालन एवं अष्ट द्रव्य से पूजन का सौभाग्य छुल्लक भाश्वत सागर महाराज ससंघ निर्यापक श्रमण मुनि योगसागर के गृहस्थ जीवन के परिजन श्राविका शीला जैन (सागर आश्रम), संदीप जैन रुपाली, हर्षित जैन, मुन्नालाल जैन, मुकेश जैन को प्राप्त हुआ।पूजन का गायन साधना जैन ने किया। धर्म सभा का संचालन पं. अमित शास्त्री ने किया।

# किसानों एवं छात्रों को दी अंडे के पोषक महत्व की जानकारी

▸ विवि में विश्व अंडा दिवस का आयोजन



**नवभारत, जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर में कुलपति डॉ. मनदीप शर्मा के मार्गदर्शन, पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ राजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में विश्व अंडा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक एवं कुक्कुट विभाग प्रमुख डॉ. गिर्राज गोयल द्वारा जबलपुर के पनागर ब्लॉक से आए 50 किसानों एवं विश्वविद्यालय के छात्रों को अंडे के पोषक महत्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित संचालक विस्तार सेवाए डॉ सुनील नायक ने बताया कि अंडा प्रोटीन युक्त अत्यंत पौष्टिक खाद्य पदार्थ है, जो सभी के शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कुक्कुट अखिल भारतीय समन्वित परीयोजना के प्रमुख डॉ मोहन सिंह ठाकुर ने किसानों एवं छात्रों को प्रतिदिन के भोजन में अंडे को शामिल करने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में सभी किसानो एवं छात्रों को अंडे का वितरण किया गया ।कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ लक्ष्मी चौहान द्वारा किया गया । कार्यक्रम में अधिष्ठाता मत्स्यपालन महाविद्यालय डॉ एस के महाजन, डॉ कुश श्रीवास्तव और डॉ अनिल शिंदे भी उपस्थित रहे।

### प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**जबलपुर।** ओबीसी महासभा जबलपुर का प्रतिभा सम्मान समारोह कल मझौली बायपास रोड ध्वनि पैलेस में दोपहर 12 बजे आयोजित है। कार्यक्रम में सिहोरा मझौली तहसील में कक्षा दसवीं एवं 12वीं में 80 या 80 से अधिक प्रतिशत प्राप्तांक अर्जित करने वाले पिछड़ा वर्ग अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के 300 से अधिक छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक ओबीसी महासभा जिला अध्यक्ष छोटे पटेल ने बताया कुर्मी क्षत्रिय समाज समिति जबलपुर जिला गोविंद पटेल के मुख्य अतिथि में होगा। कार्यक्रम में ओबीसी महासभा के सभी कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में शामिल होने का आवाहन किया है।

# 8 हजार से अधिक बच्चों ने निबंध लिखकर तोड़ा रिकॉर्ड



**नवभारत,जबलपुर।** साहित्यिक सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक संस्था मित्र संघ द्वारा जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन नगर निगम जबलपुर के प्रमुख सहयोग से मेगामाइंड के साथ किया गया। 2019 में प्रारंभ इस प्रतियोगिता के आयोजन का यह छठवां वर्ष है। यह प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में 8300 बच्चों ने निबंध लिखकर पिछले वर्ष आयोजित हुई प्रतियोगिता का रिकॉर्ड तोड़ दिया। पिछले वर्ष प्रतियोगिता में 7300 बच्चों ने निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया था। इस बार प्रतियोगियों की संख्या एक हजार बढ़ गई। कक्षा छठवीं से आठवीं तक के प्रतियोगियों ने नगर विकास में नगर निगम की भूमिका योगदान और कक्षा नवमी से कक्षा 12वीं तक के प्रतियोगियों के लिए ऑपरेशन सिंदूर का भारत के लिए महत्व विषय पर निबंध लिखे। इस प्रतियोगिता में 116 स्कूल के बच्चों ने अपने-अपने स्कूलों में ही निबंध लिखें। यह प्रतियोगिता 23 जुलाई से प्रारंभ हुई जिसका आज समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में दोनों समूह में विजेताओं को 11 हजार प्रथम विजेता को, 5100 द्वितीय विजेता को तथा 3100 तृतीय विजेता को दिए जाएंगे। नगद राशि के इन इनामों के साथ आयोजकों द्वारा विजेताओं को साइकिल, स्कूल बैग, मेडल, ट्रॉफी,गिफ्ट हेमपर तथा प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

**15 को पुरस्कार वितरण**

निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरण एमएलबी स्कूल के मैदान में 15 अक्टूबर को शाम 4 बजे से किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 8000 से अधिक प्रतियोगियों को एक साथ पुरस्कार वितरित किए जाएंगे।

## एक नजर में



### खरपतवार प्रबंधन पर संक्षिप्त व्याख्यान

**नवभारत, जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 अक्टूबर, 2025 को तीन ऐतिहासिक पहलों प्रधान मंत्री धन धान्य कृषि योजना, दलहन आत्मनिर्भरता मिशन, तथा राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन का शुभारंभ सहित नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में 1100 से अधिक परियोजनाओं का उ?द्घाटन और शिलान्यास किया। इस कार्यक्रम के तहत आईसीएआर- खरपतवार अनुशंधान निदेशालय, जबलपुर में लगभग 303 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें निकटवर्ती गांवों के किसान, निर्देशालय के वैज्ञानिक एवं अन्य कर्मचारी शामिल थे। कुल प्रतिभागियों में से 104 महिलाएं थी और 3 सरपंचों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर वैज्ञानिकों द्वारा प्राकृतिक खेती, दलहन मिशन, और फसल में खरपतवार प्रबंधन पर संक्षिप्त व्याख्यान भी प्रस्तुत किए गए। उपरोक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता, निदेशालाय्के निदेशक डॉ जे एस मिश्र, ने की तथा प्रतिभागियों को संबोधित किया, डॉ पीके सिंह, प्रधान वैज्ञानिक एवं कार्यक्रम संयोजक ने उर्रोक्त मिशन की महत्ता बताई।



### स्काउट्स एवं गाइड्स रैली का शुभारम्भ

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य मुख्यालय द्वारा रेलवे स्टेडियम में आयोजित आठवीं राज्य रैली का उद्घाटन श्री कमल कुमार तलरेजा, मंडल रेल प्रबंधक जबलपुर के द्वारा किया गया। 5 दिवसीय राज्य रैली में पश्चिम मध्य रेल के तीनो मंडलों जबलपुर, भोपाल, कोटा एवं मुख्यालय से लगभग 350 स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर एवं यूनिट लीडर भाग ले रहे है। उद्घाटन समारोह में तीनो मंडलों के द्वारा मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक, जबलपुर को मार्चपास्ट से सलामी दी गई इसके पूर्व भारत स्काउट-गाइड ध्वज का ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद तीनो मंडलों के स्काउट-गाइड के द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी गई, जिसमे भोपाल मंडल के द्वारा बुन्देलखंडी, जबलपुर मंडल के द्वारा घूमर तथा कोटा मंडल द्वारा हरियावाणी लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया ।इसके अतिरिक्त संध्या काल में भक्तिगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें तीनो मंडलों द्वारा बढ़चढ़ के भाग लिया तथा इस प्रतियोगिता के दौरान राज्य सचिव सौरव कुमार, सहायक राज्य सचिव जी .के .नंदनवार, राज्य संगठन आयुक्त स्काउट रंजन कुमार सिंह, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त अमीनुद्दीन अंसारी एवं अन्य पदाधिकरीगण उपस्थित रहे।

### मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए सकारात्मक सोच जरूरी

**नवभारत, जबलपुर।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मन महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत नेताजी सुभाष चंद्र बोस सेंट्रल जेल जबलपुर में जेल अधीक्षक अखिलेश तोमर के आदेशानुसार एवं उप जेल अधीक्षक मदन कमलेश के मार्गदर्शन में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, शांतम प्रज्ञा आश्रम, द कनेक्ट हट संस्था के संयुक्त तत्वावधान में बंदियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य एवं सकारात्मक सोच पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मनोचिकित्सक डॉ स्वप्निल अग्रवाल ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए सकारात्मक सोच जरूरी है। द कनेक्ट हट संस्था से परामर्शदाता सुश्री समृद्धि बघेल ने मानसिक स्वास्थ्य के लिए बंदियों को विस्तार से जानकारी दी। शांतम प्रज्ञा आश्रम नशा मुक्ति, मनोआरोग्य, दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के संचालक साइकोलॉजिस्ट मुकेश कुमार सेन ने बताया कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन एक सफल जीवन व्यतीत करने के लिए अति आवश्यक है योग, ध्यान के साथ साथ भजन को अपने दैनिक जीवन में अपनाकर हम अपने मन को शांत कर सकतें हैं। कार्यक्रम में मंच संचालन मनोवैज्ञानिक तेजसिंह ठाकुर ने किया व कार्यक्रम में कल्याण अधिकारी सरिता धार उपस्थित रहे।

# प्रतुल, प्रतिमा को मिलेगा डॉ . सुमित्र स्मृति सम्मान

▸ पायेय साहित्य कला अकादमी द्वारा संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह 25 को



**नवभारत, जबलपुर।** पायेय साहित्य कला अकादमी द्वारा 25 अक्टूबर 2025 को अपरान्ह 3 बजे से आयोजित डॉ. राजकुमार सुमित्र स्मृति संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह में प्रतिष्ठित साहित्यकार प्रतुल श्रीवास्तव को डॉ. सुमित्र स्मृति सृजन सम्मान एवं प्रतिष्ठित कवयित्री, कथाकार प्रतिमा अखिलेश को डॉ. सुमित्र काव्य सम्मान से अलंकृत किया जायेगा, साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में क्रियाशील 21 संस्थाओं को संस्थाश्री अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा। तदाशय की जानकारी पाथेय साहित्य कला अकादमी द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में अकादमी के महासचिव राजेश पाठक प्रवीण, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. तनूजा चौधरी ने दी। राजेश पाठक प्रवीण ने बताया कि डॉक्टर सुमित्र साहित्यिक एवं सांस्कृतिक चेतना के प्रतिनिधि थे, उन्होंने 35 से अधिक साहित्यिक कृतियों का सृजन किया है। पत्रकार वार्ता में अकादमी से डॉक्टर तनूजा चौधरी एवं ज्योति मिश्रा, डॉ. हर्ष कुमार तिवारी, यशोवर्धन पाठक, ज्योति मिश्रा, विजय जायसवाल भी उपस्थित थे ।

### गुरु रामदास का प्रकाशोत्सव आज

**नवभारत,जबलपुर।** नगर सिख समाज द्वारा सामूहिक तौर पर आज अधारताल गुरुद्वारा मैदान में गुरु रामदास जी का प्रकाशोत्सव प्रात: 10.30 बजे से दोपहर 2.40 बजे तक भव्य कीर्तन दरबार और गुरु का लंगर के साथ आस्थापूर्वक मनाया जाएगा। इस मौके पर गुरुवाणी मीमांसक ज्ञानी मनजोत सिंह मुंबई अपरान्ह 12.15 बजे से कथा प्रवाह और रागी हाथ प्रिंस पाल सिंह, पटियाला पंजाब 1.15 बजे से गुरुवाणी शबद कीर्तन पेश करेंगे। प्रकाशोत्सव के मौके पर यहां बसंती निशानसाहिब लहराने की कार सेवा साध संगत द्वारा की गई। रविंदर सिंह बग्गा, तरसेम सिंह रेहल, बलवंत राय कौंडल, एवं तरसेम सिंह सोढ़ी ने चोला साहिब भेंट कर पुण्य प्राप्त किया।



# ई-वेस्ट के संग्रहण के बारे में दी गई

**नवभारत,जबलपुर।** स्वच्छ कार्यालय अभियान के अंतर्गत शनिवार को संभाग क्रमांक 6 के अंतर्गत इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर चंडाल भाटा, संभाग क्रमांक 8 के अंतर्गत नगर निगम कन्या शाला घमापुर, एवं संभाग क्रमांक 11 के संभागीय कार्यालय में ई-वेस्ट जनजागरूकता अभियान चलाया गया। जनजागरूकता अभियान में उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित आम नागरिकों को ई-वेस्ट के प्रॉपर संग्रहण एवं उसके प्रसंस्करण, साथ ही साथ ई-वेस्ट के गलत प्रसंस्करण से होने वाले वायु एवं प्रकृति में होने वाले हानिकारक दुष्परिणामों के बारे में भी बताया गया। अभियान के समय शाला प्राचार्य श्रीमति दीप्ति शर्मा, संभागीय अधिकारी कुलदीप तिवारी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक अप्पा राव, संतोष गौर आदि उपस्थित रहे।



# अयोध्यावासी महिला मंडल द्वारा सुंदरकांड का आयोजन

**जबलपुर।** अयोध्या वासी महिला मंडल, जबलपुर के तत्वावधान में उजारपुरवा स्थित अयोध्यावासी समाज द्वारा निर्मित मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन बड़े श्रद्धा भाव के साथ किया गया। समाज की महिलाओं ने इस धार्मिक आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लिया और भगवान श्रीराम की आरती कर सभी को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका भावना गुप्ता ने बताया कि यह आयोजन समाज की धार्मिक भावना और एकता को प्रकट करता है। उन्होंने महिला मंडल की सभी सदस्यों का कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आभार व्यक्त किया और सभी के लिए प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद की कामना की।

### बैठक में हुआ विचार-विमर्श अतिथियों का सम्मान

**नवभारत, जबलपुर।** भारतीय शैली कुश्ती संघ मध्य प्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिला अध्यक्ष-सचिवों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, प्रदेश अध्यक्ष कपिल मलैया, वरि. प्रांतीय उपाध्यक्ष संतोष तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद कछवाहा (नगर पालिका अध्यक्ष मंडला), प्रशांत मिश्रा महाकौशल क्रीड़ा परिषद् के संयोजक, महासचिव अर्जुन यादव आदि द्वारा किया। बैठक में विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों का मोमेंटो और शॉल से स्वागत किया।

# विज्ञान ने हमारे जीवन को बनाया सहज और सरल

▸ एपीएन सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी



**जबलपुर।** वर्तमान युग विज्ञान का युग है, विज्ञान ने हमारे जीवन को इतना सहज और सरल बना दिया है, कि जो कार्य कभी अंसभव से लगते थे, वह आज बहुत ही आसानी से और शीघ्र हो जाते है । उक्त आशय के उद्गार ए.पी.एन. सी.बी.एस.ई. सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल के अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने विज्ञान प्रदर्शनी का उदघाटन करते हुए व्यक्त किये। प्रदर्शनी में अध्यक्ष एवं अभिभावकों द्वारा प्रत्येक मॉडल का निरीक्षण किया गया। प्रदर्शनी में कुल 30 मॉडल्स बनाऐ गऐ थे। विज्ञान प्रदर्शनी में शाला प्राचार्या स्नेह चर्तुवेदी, प्रायमरी प्रभारी आशिमा लाल सहित अनीता तिवारी, आकृति युनुस, आरती मिश्रा, शायदा परवीन, अभिनव लोधी, अभिलाष खुरासिया, प्रियंका श्रीवास्तव, शरद सिंह सहित सभी शिक्षक- शिक्षिकायें उपस्थित थे।

बैठक | कलेक्टर पहुंचे कुंडम विकासखंड, कर्मयोगी अभियान को लेकर बैठक

# ग्रामीणों से सुनी समस्याएं, विकास योजनाओं की दी जानकारी




**नवभारत, जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने कुंडम विकासखंड के प्रवास के दौरान ग्राम पड़रिया में आदि कर्मयोगी अभियान को लेकर बैठक की। कलेक्टर ने अभियान अंतर्गत ग्राम विकास की योजनाओं के संबंध में चर्चा कर जनजाति विकास और परिवर्तन के लिए व्यक्तियों और संस्थाओं को सशक्त करने और जनजातीय समुदाय को अंतिम छोर तक सेवा प्रदान कर विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनने के तरीकों के बारे में बताया। इस दौरान उन्होंने ग्राम विकास के लिए ग्रामीणों से उनकी समस्याएं तथा विकास योजनाओं के संबंध में जानकारी लेकर कहा कि गांव के युवाओं को आदि मित्र बनायें। आदि मित्र शासन की जितनी भी योजनाएं संचालित हो रही है उनके लाभ सभी पात्र व्यक्तियों को दिलवाना सुनिश्चित करें। इस दौरान ग्रामीणों ने ग्राम विकास की बहुत सी योजनाओं के बारे में जानकारी दी और उसे पूरा करने की मांग भी की। कलेक्टर ने जिला स्तर पर जितना संभव हो सकता है उसे करने के लिए कहा। ग्रामीणों ने ज्यादातर रोड़, नाली, सड़क, स्वास्थ सुविधाएं, गौशाला की आवश्यकता, छात्रावासों की सीट बढ़ाने, एमडीएम समय पर सुनिश्चित करने, पीएम किसान, आयुष्मान आदि से संबंधति विषयों पर चर्चा की। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक संतोष बरकड़े, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, एसडीएम सुश्री प्रगति गनवीर, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सीके दुबे सहित सभी संबंधित अधिकारी व ग्रामीण जन मौजूद थे।

**कन्या व बालक छात्रावास का निरीक्षण**



विधायक संतोष बरकड़े के साथ कलेक्टर और सीईओ जिला पंचायत ने संबंधित अधिकारियों के साथ पडरिया स्थित कन्या और बालक छात्रावास का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्रावास में सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के साथ बच्चों की उपस्थिति भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। क्षेत्रीय विधायक श्री बरकड़े ने कन्या छात्रावास में सीट बढ़ाने के लिए कहा। कलेक्टर श्री सक्सेना ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस दिशा में आवश्यक कार्यवाही करें। इसके अलावा तिलसानी में परमाकल्चर और फूड फॉरेस्ट की तकनीक से किया गया पौधारोपण का अवलोकन किया। इस दौरान पौधारोपण किये गये स्थान पर पशुओं के प्रवेश को रोकने केटल प्रूफ ट्रेंच का निर्माण कराने तथा पौधारोपण स्थल की बायोफेन्सिंग करने के निर्देश भी अधिकारियों दिये।

### डॉ. श्रीमती शुभम जैन बनीं जिला सचिव



**नवभारत,जबलपुर।** राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन, नई दिल्ली ने अपने संविधान में निहित शक्तियों का उपयोग करते हुए, संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पटेल द्वारा, संभागीय अध्यक्ष डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव (जबलपुर संभाग) की विशेष अनुशंसा पर डॉ. (श्रीमती) शुभम् जैन आत्मजा अभय कुमार जैन को संगठन की सचिव, जिला जबलपुर के पद पर मनोनीत किया है। इनकी इस उपलब्धि पर माता ऊषा जैन, पिता अभय कुमार जैन, परिजनों, मित्रगणों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्वल भविष्य, निरंतर सफलता और समाज सेवा में नए आयाम छूने की शुभकामनाएँ दी।